बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-572
28/12/2022

# मुख्यमंत्री ने दशमेश पिता श्री गुरू गोविंद सिंह जी महाराज की जयंती पर राज्यवासियों एवं देशवासियों को शुभकामनायें दीं

पटना, **28** दिसम्बर **2022** :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने दशमेश पिता श्री गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज की जयंती के अवसर पर समस्त राज्यवासियों एवं देशवासियों विशेषकर सिख भाई–बहनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं।

मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज सरबंसदानी थे। उनके योगदान को पूरा देश, पूरी दुनिया नहीं भूला सकता है। श्री गुरू गोविंद सिंह जी महाराज का जीवन त्याग, बलिदान और मानव सेवा को समर्पित था। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री गुरू गोविंद सिंह जी महाराज के संदेशों को अपनाकर समाज में प्रेम, आदर और सद्भाव के रिश्तों को मजबूत करें, यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

******